न्यायालय सिविल जज, (जू0डि0), बीसलपुर, जिला पीलीभीत।

मूल वाद संख्याः 74 सन् 2020

C.N.R-U.P.P.B12000092-2020

दीवारी लाल —बनाम— छोटे लाल शर्मा।।

वाद प्रस्तुत करनें का दिनांक : 16.09.2020
वाद का प्रकार : स्थाई निषेधाज्ञा।
अधिवक्ता वादी : श्री सूर्य प्रकाश कटिहा, एड0.
अधिवक्ता प्रतिवादी :

दिनांकः16.09.2020

आज यह वाद प्रस्तुत हुआ। दर्ज रजिस्टर नं03 है। प्रतिवादी को समन जारी हो। पत्रावली वास्ते लिखित कथन दिनांक 16.10.2020 एवं निर्मित किए जाने वाद बिन्दु दिनांक 30.10.2020 को पेश हों।

(अनुपम सिंह)
सिविल जज,(जू0डि0),बीसलपुर,
जिला पीलीभीत।

दिनांकः16.09.2020

वादी के विद्वान अधिवक्ता को प्रार्थना पत्र 6ग पर एक पक्षीय रूप से सुना। प्रार्थना पत्र 6ग वादी की ओर से इन कथनों के साथ प्रस्तुत किया गया है कि वादग्रस्त एक किता मकान स्थित मोहल्ला दुर्गा प्रसाद, परगना व तहसील बीसलपुर, पीलीभीत को वादी ने प्रतिवादी से दिनांक 23.05.2005 को मुबलिग सत्तर हजार रूपये में क्रय किया था और उसी दिन प्रतिवादी ने प्रश्नगत मकान पर कब्जा वादी को दे दिया था, तब से वादी उक्त प्रश्नगत मकान में निवास करता चला आ रहा है। वादी ने प्रतिवादी से उक्त मकान जब पंजीकृत बैनामा करने को कहा तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया। प्रतिवादी वादी के उक्त प्रश्नगत मकान पर शांतिपूर्ण कब्जे पर हस्तक्षेप कर कब्जा करनें हेतु प्रयासरत है। अतः निषेधाज्ञा द्वारा प्रतिवादी को ऐसा करनें से निषेधित कर दिया जाये।

अवलोकनीय है कि प्रस्तुत वाद वादी द्वारा स्थाई निषेधाज्ञा हेतु योजित किया गया है। वादी द्वारा स्वयं को प्रश्नगत मकान का स्वामी होना तथा उक्त मकान प्रतिवादी से जरिए अपंजीकृत रसीद क्रय किये जाने का कथन किया गया है। वादी की ओर से रसीद दिनांकित 23.05.2005 की छायाप्रति कागज संख्या 8ग/6 तथा नगर पालिका परिषद, बीसलपुर का ग्रहकर व जलकर रसीदे व विद्युत बिल कागज संख्या 8ग/9 लगायत 11 प्रस्तुत किये गये है, परन्तु वादी द्वारा प्रश्नगत मकान के स्वामित्व के सम्बन्ध में कोई भी पंजीकृत दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया है। अतः इस स्तर पर प्रथम दृष्टया वाद वादी के पक्ष में नही है। जिस कारण से प्रतिवादी को बिना सुने एक पक्षीय रूप से अन्तरिम निषेधाज्ञा जारी किए जाने का आधार पर्याप्त नहीं है। प्रतिवादी को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर सप्ताह करें। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण 6ग दिनांक 01.10.2020 को पेश हो।

(अनुपम सिंह)
सिविल जज,(जू0डि0),बीसलपुर,
जिला पीलीभीत।

दिनांकः16.09.2020
S.ALAM

Digitally signed by Anupam Singh
Date: 2020.09.16 16:53:13 IST
Reason: Document Owner
Location: CIVIL JUDGE(J.D.)/J.M BISALPUR,PBT.